प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 02.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. वेव्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद हुआ शुरू, 60 से अधिक देशों की भागीदारी, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नीति निर्धारण पर रहेगा फोकस।
2. सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को किसी विशेष कंपनी की दवाईयों के बजाय जेनेरिक दवाएं लिखने का दिया आदेश ।
3. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 मई को रांची में पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक में होंगे शामिल, रांची पुलिस ने शुरू की सुरक्षा तैयारियां, डीआईजी ने की समीक्षा ।
4. आईपीएल टी 20 में आज गुजरात टाइटंस का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

********************

वेव्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद आज सुबह मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू हुआ। यह आयोजन वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल चार दिवसीय वेव्स शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया था। सूचना और प्रसारण मंत्रालय वैश्विक मीडिया संवाद का आयोजन विदेश मंत्रालय के सहयोग से कर रहा है।

विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को मिलकर साथ–साथ चलना चाहिए। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मीडिया और मनोरंजन उद्योग जगत का बाजार लगभग तीन खरब अमरीकी डॉलर का है। उन्होंने सभी से अपनी कहानी दुनिया के सामने रखने का उचित अवसर प्रदान करने और स्थानीय सामग्री का प्रचार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

********************

सर्वोच्च न्यायालय ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए किसी विशेष कंपनी की दवाईयां न लिखने और सिर्फ जेनेरिक दवाईयां लिखने का आदेश दिया है। दवा  कंपनियों की मनमानी से जुडी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि इस निर्णय का पूरे देश में पालन किया जाए तो इससे महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है।

********************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि अप्रैल में रिकॉर्ड वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और प्रभावी सहकारी संघीय प्रणाली का परिचायक है। अप्रैल के लिए सकल जीएसटी संग्रह दो लाख 36 हजार करोड़ रुपये रहा। यह संग्रह अप्रैल 2024 में दो लाख दस हजार करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 12 दशमलव छह प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2025 में कुल जीएसटी संग्रह दो लाख नौ हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया, यह अप्रैल 2024 के एक लाख बानवे हजार करोड़ रुपये के कुल संग्रह की तुलना में नौ दशमलव एक प्रतिशत अधिक है।

********************

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह सात बजे विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और विशेष पूजा–अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए।

********************

भारतीय रेलवे ने नई डिजिटल घड़ी के डिजाइन के लिए राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता की घोषणा की है। इस प्रतियोगिता में तीन वर्गों में प्रोफेशनल, विश्वविद्यालय

********************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 मई को ईस्टर्न जोनल काउंसिल (पूर्वी क्षेत्र परिषद) की बैठक में हिस्सा लेने रांची आएंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड के अलावा बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों के अलावा चारों राज्यों के मुख्य सचिव सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

बैठक की सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस तैयारियों में जुट गई है। इसे लेकर कल डीआईजी सह रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

********************

वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ गोड्डा मेला मैदान में इमारते शरिया फुलवारी शरीफ पटना के तहत एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन हुआ। मौलानाओं ने वक्फ संशोधन को मुसलमान विरोधी बताते हुए बिल को वापस लेने की मांग की।

उधर जमशेदपुर में तहफ्फुज–ए–अवकाफ कॉन्फ्रेंस में वक्फ कानून के खिलाफ देशभर के नेताओं ने विरोध जताया और इसे संविधान विरोधी बताया। नेताओं ने कहा कि जब तक यह कानून वापस नहीं लिया जाएगा, शांतिपूर्ण प्रदर्शन और कानूनी लड़ाई जारी रहेगी।

********************

पलामू जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं।

********************

लातेहार के बारियातू थाना क्षेत्र के चेटुआग गांव में बेमौसम बारिश के दौरान वज्रपात से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो मजदूर और दो बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया है।

********************

मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए बताया कि राज्य के 20 जिलों में आज बारिश के साथ तेज हवाएं और वज्रपात की संभावना है। रांची में आंशिक बादल छाए रहेंगे और तापमान 32 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंचने का अनुमान है।

********************

<u>और कुछ खेल जगत की खबरें–</u>

आईपीएल टी–20 प्रतियोगिता में आज गुजरात टाईटन्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। अहमदाबाद में यह मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

उधर, जॉर्डन के अम्मान में भारत ने पहली एशियाई अंडर–15 और अंडर–17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण, 6 रजत और 22 कांस्य सहित कुल 43 पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में भारत दूसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन लड़कियों की अंडर–17 श्रेणी में भारत ने चार स्वर्ण पदक जीते। वहीं, लड़कों की अंडर–17 श्रेणी में देवांश ने रजत, जबकि टीम ने एक रजत और छह कांस्य पदक जीते।

इसके अलावा, सुदीरमन कप बैडमिंटन में भारत ने कल चीन के शियामिन में अपने अंतिम ग्रुप डी मैच में इंग्लैंड को तीन–दो से हराया। हालांकि, भारतीय टीम इस जीत के बावजूद क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में विफल रही।

इधर, रांची के अजय झा को बोधगया में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत मल्लखंब प्रतियोगिता के लिए तकनीकी पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। अजय झा मल्लखंब खेल के संस्थापक, झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव और मलखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष भी हैं।

***************